कालसर्पादि ग्रह, सर्व यक्ष किन्नर किम्पुरुष ग्रह, बन्धय-बन्धय-बन्धय ममाशेष प्रानन्द्य सन्चय सन्चय परिपूर्ण धनं धान्यं सम्पदादि कुरु कुरु स्वाहाः। यो गोरक्ष भूतनाथ रूपेण हूँ हूँ ॐ कार एषा भूतात्मा पेतात्मा पिशाचानां ब्रह्मराक्षसानां शाकिनी डाकिनीं ग्रहणां मारय, मारय अशेषः क्षुत्पिपासानां विप्लव विप्लव ॐरुद्र रूपेण रं रं रौद्ररूपेण गोरक्ष पूर्व दिशि बन्धय बन्धय वारवर्क रुपेणं गोरक्ष रक्ष रक्ष दक्षिण दिशिं बन्धय बन्धय कालास्त्र रूपेण गोरक्ष रक्ष रक्ष पश्चिम दिशं बन्धय बन्धय पाशास्त्र रूपेण गोरक्ष रक्ष रक्ष, उत्तरं दिशिम् बन्धय बन्धय महाकाल रूपेण गोरक्ष रक्ष रक्ष ऊर्ध्व दिशिं बन्धय बन्धय उग्रनादं अट्टहास डमर रूपेण गोरक्ष रक्ष रक्ष पाताल दिशि बन्धय बन्धय भू भू भूतरनाथ रूपेण गोरक्ष रक्ष रक्ष त्रिलोक्यवतशेषं परिपूर्ण रक्ष रक्ष मम श्री नाथ यः अक्षरं पोषणं मम सकल रोग विनाशय विनाशय ॐ हूँ हूँ हुंकार रूपेण च ॐ रं रं रौद्र रूपेण मम सर्वशत्रुन पलायतं पलायतं योजनानम्तं मध्ये सर्वत्र कि, कि,रूपेण राज स्त्री पुरुष जनान् वशं कुरु कुरुः स्वाहा। ॐ ग्रों ग्रों ग्रों हूँ हूँ हिं

हिं गोरक्ष निरान्जनात्मने हिं हिं हूँ हूँ ग्रों ग्रों ग्रों मम शत्रुन् दह-दह पच पच स्तम्भय स्तम्भ्यय मोहय मोहय आकर्षय आकर्षय उच्चाटय उच्चाटय हूँ फट् स्वाहा।।५।।

"श्री आदिनाथ उवाच"

इदानीं श्रृणु उदये परमंस्त्र सुदुर्लभम्।
गोरक्षस्य दिव्यास्त्रां महामत्रं जपेत्तु यथाविधिम्।।६।।

भावार्थः- श्री आदिनाथजी ने कहा हे उदयनाथ पार्वती अब अति दुर्लभ अस्त्र को सुनो। यह गोरक्षनाथजी का दिव्या अस्त्र, महामन्त्र को जो की विधिवत जप (मनन) करना चाहिए।।६।।

''गोरक्ष-दिव्यास्त्रम्''

ॐ गों गों गोरक्षनाथाय नमः परब्रह्म परंशक्तिं परं शिव रूद्र रूपेण नतो अस्मि। शून्य मयी ज्ञानमयी ज्योतिः रूपेण नमो नमः। ॐ रं रं घोर गोरक्ष हूँ हूँ हूँ अघोरं रूपेण गोरक्षस्य स्मशान्नाथाय, भूत विडारेन महाघोर ग्रो गोरक्ष मम प्रिय सिद्धों महासिद्धो विद्याधरं वृन्द वन्दितं पादम् यतः घोर ब्रह्मा अघोर विष्णु रौद्र रूपाय प्रिय सर्वांग त्रिशक्ति च महाशक्तिं कालरूपी महाकाल, इन्द्र वरूणं कुबेरं भैरवं भैरवीं प्रियं, सर्व आदित्य मण्डलं अनन्तं कोटीं

ब्रह्माण्डादिक ब्रह्म शक्तिं स्वरूपेण गोरक्ष तुम्भ्यं मादेशम्।

ॐ हूँ हूँ हूँ कार गोरक्षं आगच्छ आगच्छ मानय मानय नुद नुद मम शत्रुन् मर्दय मर्दय षूं षूँ षः क्षेत्रनाथाय सः तंत्र मंत्र यंत्रैः सह चूर्णय चूर्णय आवेशयावेशय त्रुट त्रुट त्रोटय त्रोटय मम शत्रुं स्फुट स्फुट स्फोटय स्फोटय, इदम् स्मशान। सिद्ध गोरक्ष यः महाभूतान् जृम्भय जृम्भय युं यः रूपेण गोरक्ष ब्रह्मराक्षसानुच्चाटयोच्चाटय भूत प्रेत पिशाचानप्तृप्तात्मानां मूर्च्छय-मूर्च्छय मम शत्रुन उच्चाटयोच्चाटय, सं सों सत्यनाथाय सत्यं कथय-कथय ग्रों ग्रों गोपालनाथ रूपेण मम शत्रुन चूर्णय-चूर्णय वृक्षेभ्यः सन्नाशय-सन्नाशय लं लूं लालग्वाल रूपेण अर्कं स्तम्भय-स्तम्भय लीलांगालय वृक्षेभ्यो परिपातय-परिपातय शैलकाननं मही मर्दय-मर्दय मुखं उत्पाटयोत्पाटय पात्रं पूरय-पूरय हीं हः रूपेण गोरक्ष गरुणं पक्ष पातेन विषं निर्विषं कुरु कुरु भूत भविष्यं यत्सर्वं कथय कथय षूं षः कलेश्वरनाथाय मम शत्रुं हन्त हन्त, दह-दह, पच-पच, मथ-मथ, पृमथ-पृमथ, घर्घर-घर्घर च यः जूं सः रूपेण ग्रों ग्रों गोरक्ष मम शत्रुं ग्रासय-ग्रासय,

विद्रावय-विद्रावय उच्चाटयोच्चाटय चक्र सुदर्शन पवनास्त्रेन वज्रं इन्द्रस्य सूं रं रूपेण सर्वाङ्गनाथाय ज्वरं नाशय-नाशय प्रविदं स्फोटय-स्फोटय, ॐ क्लीं क्ष्णीं क्षेत्रनाथाय सर्व शत्रुन् मम वशं कुरु कुरु आकाश ग्रह मण्डलं सप्त पाताल पृत्यंतरिक्ष आनयानय, रं रं ग्रों ग्रों ग्रों गोरक्ष महांकाल रूपेण, रूद्र रौद्राय विक्राला रूपेण पूर्व दिशं निरोधय-निरोधय, लूं लं रूपेण पश्चिम दिश स्तम्भय-स्तम्भय, षूं षः रूपेण दक्षिण दिश निधय-निधय, शूं शं रूपेण उत्तर दिशं बन्धय-बन्धय, हूँ हूँ हिं हि ॐ बन्धय-बन्धय, ॐ उग्र तपो निधि जटा जूट नागशेषादि दिव्यासनम् विचित्र कुण्डलम् रुद्रमालां परि भूषनम् मेखला चन्द्रामृताम खर्पर चिमेटन, दण्डपाणी विद्यतत्स्फुरिते सकाशं विक्रालं भैरव रूपेण चाट्टयटहासं निलय-निलय हूं फट् फट्। तेजपुञ्जयं कायेन सप्तदीप क्रुते ब्रह्माण्ड ब्रह्मपवन सदृष्यभ्रमणे त्रिशुलादि मुस्सल दण्डमायुध अस्त्र शस्त्र च विरान शमय-शमय अनंत परंपरादि शक्तिं च ब्रह्मास्त्रे विष्णुच्चक्रं सहदी गुरु मुखं ग्रों ग्रों ग्रों गोरक्षनाथ मम सर्व शत्रुन मम सर्व दुष्टान् विनाशय विनाशय हुं फट् स्वाहा।

ॐ लूं लूं लालग्वालाय तेषा वाचं मुखं

पदं स्तम्भय-स्तम्भय, षूं ष रूपेण सर्वं कायास्तु कीलनं कीलनं यं यं रुपेण सूधवूध नाथ तस्ये बुद्धिं विनाशय विनाशय ॐ ग्रों ग्रों ग्रों हूँ हूँ ह्रीं ह्रीं गोरक्ष निरंजनात्मने ह्रीं ह्रीं हूँ हूँ ग्रों ग्रों ग्रों मम वै शत्रुणां वाचं मुखं पदं स्तम्भय-स्तम्भय शत्रुन जिव्हा कीलय-कीलय शत्रुणां दृष्टिं-मुष्टिं गतिं-मतिं दन्तं तालुं जिव्हा बन्धय बन्धय वै मम-शत्रुन मारय-मारय शोषय-शोषय हूं हूं फट् स्वाहा।।७।।

टिप्पणी:-उपरोक्त रक्षा गोरक्ष मूल मन्त्र और सर्वारिष्ट मुक्त गोरक्ष मन्त्र तथा गोरक्ष दिव्यास्त्र मन्त्रों में आये बीजों का अर्थ जानना न सम्भव है न आवश्यक और वाच्छनीय है। यह तो केवल जप (मनन) पाठ मात्र करना ही पर्याप्त है।

विधि

सूर्यच्चन्द्रौ ग्रहणकाले जपेतष्ट्टोत्तर शतम।
दीपोत्सवं होलिकां च दुर्गाष्टमी भी शुभे दिने।।८।।
रौद्रमाल्या जपे नित्यं ताम्र जल पात्रयुक्तम्।
अन्ते जलं प्राशनं च सर्वानन्दे सुखकारकम्।।९।।
शिखरे आरण्ये वा सिद्ध देवालये गृहे।
संगमे च महानद्या निशायामपि साधयेत्।।१०।।

विधि:- चंद्र सूर्य ग्रहण काल में होली, दिवाली तथा दुर्गाष्टमी के शुभ दिन में एक सौ आठ वार जाप करना

चाहिए जल भरे ताम्र पात्र में रुद्राक्ष माला सह डालते हुये नित्य जप (पाठ) कर अन्त में आनन्ददायक सुखकारक होकर वह जल को प्राशन करे। पर्वत की चोटी घना जंगल सिद्ध स्थान देवालय (मन्दिर) घर अथवा महानदियो का संगम पर रात्रि में जाप करने से कार्य सिद्ध हो जाते है।।८-९-१०।।

जपन्नित्यपाठं च जोगन ब्रह्मचर्य व्रतं दृढ़म्।
निशौ रात्रौ दश घटिकां च जपेद चत्वारिशदिनम्।।११।।
हवनं तर्पणं मार्जनादि चं कियते यथा विधिम्।
कार्य सिद्धि भवनिच नाथ ! नाथ ! अत्रं न संशयः।।१२।।
त्रिकाल जपेद् मंत्रं षट्सहस्त्रकम् सविधिम्।
सर्वत्र भवति विजयं नात्र संशये जोगिन।।१३।।
यः करोति नित्यं पाठं सहृदयो भक्तिदः।
सर्वारिष्टं विल्पवाशुं रक्षा ! भवेत् तत्क्षणात्।।१४।।

भावार्थः- हे जोगन उदयनाथ सम्पूर्ण विधिवत ब्रह्मचार्य का पालन करते हुये इन मन्त्रों का नित्य प्रति निशारात्रि में दशघटी (४ घण्टे) मंत्र जाप चालीस दिन (अर्थात् सवा महीना) करे और हवन तर्पन मार्जनादि विधि करने पर सभी कार्य सिद्ध होते है। इसमें कोई संशय नहीं है। रोज त्रिकाल (प्रातः, मध्य, सन्ध्या) छः सहस्त्र जाप सविधि करने पर वह साधक सर्वत्र विजयी होता है। हे जोगन इसमें तनिक संशय नहीं है। उसी प्रकार रोज नित्य नियम से केवल सहृदय भक्ति से इन मंत्रों का मात्र पाठ करने पर उसके सभी

प्रकार के आरिष्ट संकटो का तत्काल नाश होकर क्षणभर में रक्षा हो जाती है।।११-१२-१३-१४।।

वैशिष्य निर्देशम्

{ अत्त्यावश्यक सूचना }

श्रृणु ! मम निर्देश गुरु गोरक्ष मंत्र तंत्रमतिगुह्यम्।
नैवाशिष्यं दातव्यं यत्नेन च रक्षितम्।।१५।।
रोगिणान्धपङ्गं च स्वल्पज्ञानिनः तथा।
काम क्रोधि दुष्ट जनान् निर्गुणा भागेनाभ यथा।।१६।।
दुष्टानमतिलोभिनां दुर्जनमतिमन्दितम् दुर्जनपि च आद्दत्।
दम्भकान्न न दातव्यं नाभक्ताय विशेषतः।।१७।।

भावार्थः- हे उदयनाथ पार्वती मेरी निर्देश सूचनाओं को सुनो श्री गुरु गोरक्षनाथ जी के यह अस्त्र और मंत्र (मूल-मंत्र-अरिष्ट मुक्त मंत्र, दिव्यास्त्र इ०) विधि अभक्त को ना बताकर गुप्त रखे तथा अन्धे, लुले, रोगी और अल्पज्ञानी, कामी क्रोधी कपटी निगुरे (जीसे गुरु नही है) और अभागी उसी प्रकार लालची दुष्ट दुर्जन पाकर उसे भी नहीं देना चाहिए विशेषतः अहंकारी (मूर्ख भाव शून्य-दरिद्री) और भक्तिहीन लोकों को इसे नही देना चाहिए।।१५-१६-१७।।

गोरक्षस्य मूल मंत्राणां बीजं मन्त्राण्यापि च।
परेषामहितानां च न कुर्यात्कदाचनः।।१८।।
करोति योऽपहितं निर्दोषं कष्टानि च।
सः घोरं नरकं याति, महा पातकमधि गच्छति।।१९।।

भावार्थः- इस गुरु गोरक्षनाथ जी के मूल मंत्र, बीज मंत्र (दिव्या) अस्त्र के द्वारा दूसरो का अहित करने में और दूसरों से शत्रुत्व करने से दूर रहे। जो भी अपने स्वहित अर्थात स्वार्थ के लिए निर्दोष जीवों को अहित (बुरा) करेगा उसके तत्काल चारो वर्ग (धर्म-अर्थ-काम-मोक्ष) नष्ट हो जायेंगे और वह साधक महापातकी (महापापी) हो जाएगा।।१८-१९।।

तस्य निष्फलं ध्यान पूजा भक्तितया।
सर्व हि विफल तस्य नरकं यान्ति चान्ति मे।।२०।।
कल्प कोटी शतै उदय भुक्ते स नरक सदा।
भुक्ते चस नरकं शतकोटि कल्पान्तकम्।।२१।।

भावार्थः- हे उदयनाथ पार्वती उसके जप पूजन ध्यान (अनुष्ठान) और भक्ति सभी निष्फल (विफल) हो जाते है और अन्त में वह घोर नरक में जाता है और करोड़ों, सैकड़ों कल्पोतक वह सदा नरक भोग करता (भोगता) है। हे उदय नाथ वह सदा-सर्वदा करोड़ों-सैकड़ों कल्पो तक नरक भोग भोगता है।।२०-२१।।

उदयः परमं रहस्यं सावधानतया श्रृणु।
शस्त्रादि प्रयोगं तदातु घोर संकटम्।।२२।।
मार्गमन्यं न द्रक्ष्यसे उपायमपि न पश्यसि।
अतः न कुरु प्रयोगानां स्वल्परुहाट जनान् प्रति।।२३।।
मंत्र तंत्रस्यापमानं, गोरक्षस्यापि तथा।
करोति यो नरः निष्फलं भवति तस्य साधनम्।।२४।।

भावार्थः- हे उदयनाथ पार्वती मैं रहस्य को बतलाता हूँ सावचित्त होकर सुनो इन अस्त्र मन्त्रों का प्रयोग तब करे जब मनुष्यों पर अत्यत गभीर (संकट) परिस्थिति आ जाये और इतरत्र कोई भी मार्ग (उपाय) प्राप्त ना होता हो अतः बिना कारण छोटी मोटी बातों के लिए यह (मन्त्रों का) प्रयोग ना करे। अन्यथा इन गुरु गोरक्षनाथ जी के अस्त्र मन्त्रो का अपमान होकर यह कर्म करने वाला की सम्पूर्ण साधना निष्फल होकर वह नष्ट हो जायेगा।।२२-२३ २४।।

श्रृणु नाथ! स्वरक्षार्थं रहस्यं वदाम्यहम्।
कुरु सदा स्वरक्षार्थं मंत्र तन्त्र यन्त्रादिकम्।।२५।।
कथयामि पात्रं गुह्यं मंत्रतंत्रादि महत्त्वकम्।
गोपनीयं, गोपनीयं गोपनीयं सदा प्रयत्नतः।।२६।।

भावार्थः- हे नाथ उदय सुनो मैंने यह रहस्य केवल स्वरक्षा के लिये ही बतलाया है। अतः उन जीवों ने (लोकों ने) यह तन्त्र मन्त्र खुद के रक्षार्थ (अपनी रक्षा करने के लिए ही) करे। इस प्रकार मैंने अत्यंत महत्वपूर्ण गुप्त अस्त्र-मन्त्रों का वर्णन तुमसे किया है। इसे प्रयज्ञ-पूर्वक गुप्त से गुप्त रखना चाहिए।।२५-२६।।

।। इति श्री गोरक्ष तन्त्रे उदयनाथ आदिनाथ।।
संवादे सप्तमः अध्यायः समाप्त

अलख निरन्जन। अलख निरन्जन।।

अथ अष्टमोऽध्यायः

।।अथ गोरक्ष नाथस्य स्वरूपम्।।

(श्री गोरक्षनाथजी का स्वरूप)

"श्री उदयनाथ पार्वत्युचः"

आदिनाथः महायोगि गुरु गोरक्ष सर्वात्मनः।
कोऽयं मनसा कपटं न करोति सः।।१।।
शिष्यस्य संशयं नश्यन्तु शपथं मे।
सत्गुरु सैव शिष्यं संशयं सदाविनश्यति।।२।।

भावार्थः-श्री उदयनाथ पार्वति ने कहा हे आदिनाथजी जो महायोगी गुरु गोरक्षनाथजी सर्व रूपों में अवस्थित है। वह कौन है ? हे नाथ जी बताइए कपट ना करे, हे नाथजी यदि बताने में कपट करे तो आपको मेरी सौगन्ध (शपथ) जो की शिष्य के संशय को नष्ट करके हे गुरुदेव जी सत्य कहो।।१-२।।

श्रुत्वैतत् उदय वाक्यं प्रहस्यो वचांसि च।

"श्री आदिनाथ उवाच"

प्रिय शिष्य श्रृणु मद्वाक्यं सर्वज्ञः गोरक्ष नाथः।।३।।
यो यति गोरक्षनाथः सर्वात्मा सर्वज्ञ रूपिणम्।
सर्वात्मानो सर्वभूतेष आत्मबद्धधिष्ठितः।।४।।
ब्रह्मचर्याणां यतीनां च गोरक्षः सत्य परमात्मनः।
गुरु गोरक्ष नामेन विख्याता जगदेतच्चराचरम्।।५।।

अन्यथानास्ति सर्वभूषेतु गोरक्षः स्थितः।
सैव ब्रह्मेति जानी हि यज्ञार्थ दर्शनानि च ।।६।।

भावार्थः-उदयनाथ पार्वति के उक्त कथन सुनकर श्री आदिनाथ जी ने हँसकर कहा ''हे मेरे प्रिय शिष्य उदयनाथ सुनो तुम्हे बताता हूँ जो जती गोरक्षनाथजी सर्वत्र सर्वतो ज्ञान प्राणियों में आत्मारूप में अधिष्ठित है। ब्रह्मचारी तथा सम्पूर्ण जती एवं सत्य गोरक्षनाथ जी परमात्मन रूपी है। वह गुरु गोरक्षनाथ जी नाम से प्रसिद्ध है। हे नाथजी यह सत्य है। अन्य कोई बात नहीं है। वही जती गोरक्षनाथजी रूप से विख्यात है। यह निरसन्देह सत्य है। यज्ञ और दर्शन शास्त्र के लिए वे ही ''ब्रह्म'' है, ऐसा जानो।।३-४-५-६।।

यथा यथा च निर्झरी जल निर्यान्ति सागरे।
लीयते पुनरस्या च तस्य नाथ उदय।।७।।
इदं गोरक्ष व्यक्ता-व्यक्त जगदेतच्चराचरम्।
स्थूलं सूक्ष्मं परंतेजो गोरक्ष च गोरक्षं निरंजने।।८।।
अपरमिता शक्त्याधारो दयौघः सदन नाथ!।
भुक्ति मुक्ति ज्ञानौघः सच्चिदानन्द सागरः।।९।।

भावार्थः- हे उदयनाथ पार्वती जैसे-जैसे सागर में जल लहरे उत्पन्न होते है और उसी में लीन हो जाते है। उसी प्रकार श्री गुरु गोरक्षनाथजी इस सार जगत चराचर में प्रगट (उत्पन्न) होते है और अप्रगट (विहीन) हो जाते है। वह स्थुल-सूक्ष्म तथा परम तेजस्वी गुरु

गोरक्षनाथजी अलख निरंजन अवस्था में असीमित शक्ति का आधार है और अपार दयामय है। हे नाथ वह मुक्ति दायक, ज्ञान दायक तथा सच्चितानन्द मय है।।७-८-९।।

विश्वम्भरो क्रिया शक्तिः गोरक्ष सनातनः।
यावत् यज्ञ कर्म-समाप्तौ च दक्षिणैव यभीष्ठदम्।।१०।।
मुक्तिः नाथ सर्वेषां फल-दायकम्।
तथा हि कर्मोधार गोरक्ष कथ्यते वर योगिने।।११।।

भावार्थः- वह विश्व का पालन करने वाले क्रिया-शक्ति और सनातन श्री (गोरक्ष) नाथ है। जिस प्रकार यज्ञादि कर्मो का समाप्ति पर ''दक्षिणा'' ही अभीष्ट फल देती है। उसी प्रकार हे (उदय) नाथजी वे ही मुक्ति और सबके अभीष्ठ फल को देने वाले है। इससे हे योगिनी वह कर्मो का आधार गुरु गोरक्षनाथ कहे जाते है।।१०-११।।

महासत्वो महामन द्यति-प्रिय विभावसु।
चिरनाथं चारु रूपं मृत्युञ्जय उदये।।१२।।
अहमेवास्मि गोरक्षो मद्रूपस्तन्निबोधतः।
योगमार्ग प्रचारार्थं ममैव रूप मिदं घृतम्।।१३।।

भावार्थः- हे उदयनाथ पार्वती वह महाबलवान मनस्वी तेज-प्रिय जो अग्निस्वरूप है। वह ॐ कार आदिनाथस्वरूपी एवं नित्य सुन्दर रूप वाले और मृत्यु को जितने वाले (मृत्युंजयो) मनन शील गोरक्षनाथजी मैं ही हूँ गुरु गोरक्षनाथ जी को मेरा ही रूप समझो

योग मार्ग (मंत्रयोग तंत्रयोग आत्म योग इत्यादि) प्रचार-प्रसार के लिए मैंने यह रूप धारण किया है।।१२-१३।।

आगम-निगमागमानां तन्त्रशास्त्राणां च सदा शिवः।
उक्तानि सर्वाणि तन्त्राणि तथा न्यान्येति निर्णयायकः।।१४।।
कृत्वा संकल्पमित्यस्य कर्मसिद्धये बुधः।
पठति पाठयति श्रृणोति श्रावयति च।।
तं तें काममवाप्नोति श्री गोरक्षस्य प्रसादतः।
यथा पारसमणि नाथ तथैतत् तन्त्रमुत्तमम्।।१६।।

भावार्थः- आगम-निगम या तन्त्र-शास्त्र का निर्णय है कि सदा शिव स्वरूपी गुरु गोरक्षनाथजी दिव्य वर्ण से प्रकाशित है। सभी तन्त्रों में ऐसा ही कहा है, अन्य बात नहीं, यही निर्णय है। संकल्प कर जो बुद्धिमान काम्य कर्म के लिए इस गोरक्ष तन्त्र का पाठ करता है करवाता है, अथवा सुनता है, सुनवाता है, वह श्री मद गोरक्षनाथजी के कृपा से उन उन कामनाओं को प्राप्त करता है। हे (उदय) नाथजी पारसमणि के समान यह गोरक्ष तन्त्रम उत्तम फल-दायक है।।१४-१५-१६।।

यथा कल्पः मनुष्याणां सर्वाणिफलानि प्रददाति।
तथैवमनीषिभिः मंत्रतंत्राणि ज्ञातव्यम्।।१७।।
यथा सागरे सन्ति रत्नानि भुक्तिमुक्ति तिष्ठति मंत्रकम्।
देवानामाश्रयमेरु सिद्धीनामाश्रित मन्त्रतन्त्रादिकम्।।१८।।

भावार्थः- जिस प्रकार कल्पवृक्ष सभी फलों को प्रदान करता है। वैसा ही इस तन्त्र को मनीषियों को जानना चाहिए। जैसे सभी प्रकार के रत्न समुद्र में रहते है। वैसे ही हे योगिनी सभी सिद्धियाँ-भुक्ति और मुक्ति इससे मिलती है सब देवो का आश्रय जैसे मेरु पर्वत है। वैसे ही यह तन्त्र सभी सिद्धियों का आश्रय है।।१७-१८।।

उदयनाथ पार्वती सत्यं सत्यं वदाम्यहम्।
दिव्यास्त्र शस्त्रादि युक्त मन्त्र च सत्य कथयामि।
यस्य गेहे स्थितं यां यंत्रं शस्त्रास्त्रादि युक्तम्।।१९।।
तस्यगेहे दुःख व्याधि शमनं सर्वपापविनाशन्।
चौरात्मय नास्ति नास्ति ग्रहादि राज भयम्।।२०।।

भावार्थः- हे उदयनाथ पार्वती मैं सत्य कहता हूँ दिव्य अस्त्र तथा शस्त्रादि से युक्त यह मन्त्र है। जिसके घर में भय को दूर करने वाले यह तन्त्र विद्यमान है; उसके यहां दुः ख अधिव्याधियाँ और पापों का सब कुछ नष्ट हो जाता है। न वहां चोरों का भय रहता है, न ग्रहों या राज-दण्ड का भय।।१९-२०।।

नारिष्टं दुर्जनेभ्यः चित्ताशोकं कदापि न।
न चिन्ताशोकं हि भयं नैव मयोदितम्।।२१।।
प्रेत भूत पिशाचानां दैत्यदानवाः च राक्षसाम्।
भयं न स्यात कोऽपि हिंसकाः व्याघादीनामपि।।२२।।

भावार्थः- घर में न संकटों का भय रहता है न दुष्ट

दुर्जनों का उनको कभी चिन्ता-शोक नहीं होती न किसी अन्य प्रकार का भय रहता प्रेत भूत पिशाच और दैत्य दानव राक्षसों का न व्याघ्र आदि हिंसक पशुओं का भय उन्हें नहीं होता है। यह मेरा कथन है।।२१-२२।।

यक्ष किन्नरादि भय नस्यात् वेतालानां भयं तथा।
गणगंन्धर्वा सर्वेषां न च शंखनीना तथा।।२३।।
त्रिलोके च महोत्सवो ये ये सन्ति भयानकाः।
ये अरिष्ट कारश्चैव न तेषां भयं योगेश्वरि।।२४।।

भावार्थः- यक्ष किन्नर आदि का भय नहीं होता, न वेताला आदियों का सभी गणों गन्धर्व तथा डरावनी शंखनी आदि का भी भय नहीं होता। हे योगेश्वरी तीन लोक में जो-जो भयानक और अरिष्टकारक जीव है। उन सब का भय भी उन्हें नहीं होता।।२३-२४।।

मृत्युजिन्मुनि च तस्य मुच्यत्याशापाशं तथा।
वदाम्यं सत्यं सत्यं शपथं प्रिय उदय।।२५।।
धनं धान्यं च सम्पत्तिं तिष्ठति सप्त-पौरुषम्।
तेषां सर्वेषां मनोरथं परिपूर्ण प्रसादतः।।२६।।

भावार्थः- उसके आशापाश से न छुटते भी मृत्यु को जितने वाले हो जाते है। हे प्रिय उदयनाथ (पार्वती) मैं सर्वथा सत्य कहता हूँ। उसकी धन धान्य असीम सम्पत्ति सात पीढ़िओं तक विद्यमान रहती है और उनके श्री नाथजी की कृपा से सर्वा सर्व मनोरथ परिपूर्ण हो जाते है।।२५-२६।।

एतत् ते कथितं उदय न व्यक्तं कदाचन्।
परमं गुह्यं गोपनीयं सदा उदय।।२७।।
भ्रष्टानां साधकानां च सान्निध्यं न वदेत्कदाचन्।
दाम्भिकाय न दातव्यं नाभक्ताय विशेषतः।।२८।।
मुढ़ाय भावहीनाय दारिद्राय ममाज्ञया।।

भावार्थः- हे उदयनाथ पार्वति यह सब मैंने जो कथन किया है, इसे कभी प्रगट ना करे। यह परम विशेष रूप से रचा गया इसे सदा सर्वदा गुप्त ही रखे। भ्रष्ट साधको के सन्मुख भी इसकी चर्चा नहीं करनी चाहिए। विशेषकर अहकारी मूर्ख भाव शून्य दरिद्र और भक्तिहीन लोगों को इसे नहीं देना चाहिए, यह मेरी आज्ञा है।।२७-२८।।

दद्यात् ज्ञानाय शान्ताय शुद्धाय योगेश्वरी।
नाथ भक्ताय-शैवाय वैष्णवाय शिवाज्ञया।।२९।।
भाव भक्ति युक्ताय महायोगी विरक्ताय च।
सर्वेषां वन्द्य कायाऽपि शिवाय प्रणताय च।।३०।।

भावार्थः- हे योगेश्वरी भक्ति भाव से युक्त शान्त शुद्ध ज्ञानी श्री नाथजी के भक्त शैव वैष्णव महायोगी त्यागी विरक्त सर्वत्र वन्दनीय विनम्र शिव स्वरूप साधक को ही इसे देना चाहिए। यहि शिव आज्ञा है।।२९-३०।।

।।इति श्री गोरक्षतन्त्रे उदयनाथ आदिनाथ।।

संवादे अष्टमःअध्याय समाप्त

अथ नवमोऽध्यायः

।। गोरक्षं-पीठ तीर्थ वर्णनम्।।

(श्री गोरक्षनाथजी के पीठ अर्थात तीर्थ क्षेत्रों का वर्णन)

"श्री उदयनाथ उवाच"

गोरक्षं पीठं विशुद्धं स्थाने वद में आदिनाथ।
यस्मिन् सिद्ध स्थानंच महात्म्यं किं प्रयोजनम्।।

भावार्थः- श्री उदयनाथजी के कहा हे आदिनाथ जी मुझे गुरु गोरक्षनाथजी के शुभ-शुद्ध तीर्थ स्थान अर्थात गोरक्षपीठ को बताइए, जिन सिद्ध स्थान महात्म्य का किस प्रकार प्रयोजन है?

"श्री आदिनाथजी उवाच"

गोरक्ष पीठं प्रवक्ष्यामि, सादरं श्रृणु योगिणे।
अलख क्षेत्र शिखरे च वायुलोके योगारुह्यम्।
तत्र महापीठे सःगोरक्षं त्रयलोके च वन्दिताः।।२।।

भावार्थः- श्री आदिनाथजी ने कहा हे योगिनी मैं श्री गोरक्षनाथजी के पीठ स्थानों को कहूँगा आदर सहित सुनो अलख क्षेत्र नाम के शैल (कैलास) पर्वत पर जहां वायु लोक में योग पर आरुढ़ होकर गोरक्षनाथ जी निवास करते है वहां महापीठ में उन गुरु गोरक्षनाथजी को तीनों लोक वन्दन करते हैं।।२।।

नेपाले मृगस्थल्यांपीठे पशुपतिं विराजितम्।
हरिद्वारे महापीठे श्री नाथस्य सभा शुभाः।
तत्र पूजयन्ति जनाः सर्वे श्री नाथस्य पादुकाम्।।

भावार्थः- नेपाल में मृगस्थली (पीठ में) श्री पशुपति नाथजी अर्थात् गोरक्षनाथजी विराजमान हैं और हरिद्वार के महापीठ श्री नाथजीकी (नाथ सम्प्रदाय की) शुभ सभा है वहां संसार के लोग श्री नाथजी के चरणपादुका की पूजा करते हैं।।३।।

इरावती नद्या क्षेत्रे गोरक्षपुरी स्थान नामकमुत्तमम्।
नद्योत्तरे गोरक्ष पीठो सिद्धिदं सुपुण्यदायकम्।।४।।
तदुत्तरे शक्ति पीठः देवी पाटेश्वरी सुशोभिता।
तत्र गुरु गोरक्षस्य हस्त पादौ च स्थापितम्।।५।।

भावार्थः- इरावती नदी क्षेत्र में गोरखपुर नाम का उत्तम स्थान है और (नदी के) उत्तर में गोरक्षनाथजी का पुण्य प्रद गोरक्ष सिद्ध पीठ है। उत्तर दिशा में देवी पाटेश्वरी का शुभ शक्ति पीठ है वहां गुरु गोरक्षनाथजी के शुभहस्ते पात्रदेवता (स्थापित की) रचना की है।।४-५।।

पातालभुवनेश्वरअल्मोड़ाजनपदे कल्याणमयी गुहाऽस्ति।
जती गोरक्षनाथो तत्र योगे विराजितम्।।६।।
नेपाले द्वादशपत्तनी मत्स्येन्द्रं नाथो विराजिते।
तत्रैव नागजा मीननाथश्च वभूव पाणिग्रहणम्।।७।।

भावार्थः- पाताल भुवनेश्वर (अल्मोड़ा) में कल्याणकारी गुफा है जहां जती गुरु गोरक्षनाथजी ध्यान योग में

विराजे है और नेपाल में वारहनगर (द्वादश पत्तनी) मे सिद्ध मत्स्येन्द्रनाथजी विद्यमान है जहा नागजा और मीननाथ जी का विवाह हुआ।।६-७।।

कैलासाचलनामास्ते शैल सुन्दरशेखरः।
तस्योपरि विराजन्ते समपादाम्बुजास्त्रयः।
शिवमत्स्येन्द्र गोरक्षः दण्डपाणि भैरवादयः।।८।।
तत्र तिष्ठन्ति सर्वे त्रिवेण्यां दैवैर्सह।।

भावार्थः- कैलास नाम का सुन्दर चोटी वाला पर्वत है। उसके ऊपर तीन चरण कमल विराजमान है। शिव मत्स्येन्द्रनाथ दण्डपाणि गोरक्षनाथ भैरव सर्व देवताओं के साथ त्रिवेणी में है।।८।।

श्री मद् गोरक्षरश्मिश्च टीलाभ्यान्तर स्थानं शुभम्।
तत्र भर्तृहरिनाथेन मृत्कायानाथं पुनरेव जीतिवम्।।९।।
तत्रैवसिद्धगौरैयानामाख्यं स्थानं परमं प्रसिद्धम्।
तत्र विप्र गृहे स्थित्वा गुप्तरूपेण नाथेन।
द्वादशवर्ष पर्यन्तं यावत् माःक्रीडां च चचार।।१०।।

भावार्थः- श्री गोरक्ष टीला जो किरण टीला के (अन्दर) शुभ स्थान है। वहां श्रीमान भर्तृहरिनाथजी ने मृत कायानाथ को स्पर्श कर जीवित किया था। वहां सिद्ध गौरियाँ नाम का परम पावन स्थान है वहां श्री गोरक्षनाथजी ने गुप्त रूप से एक ब्राह्मण के घर बारह वर्ष तक गाय चराया था और क्रीड़ा की थी।।९-१०।।

पुरा युगादितःश्रीनाथ योगीवाटं स्थानं नामकम्।

तत्र द्वादश पन्थानां योगीनां शासकाःसन्ति।।११।।
यस्मिन् ज्वालामुखी शक्तिरेव विराजिता।
तत्र गोरक्ष मञ्जूषा ज्योतेदर्शनं भवन्ति।।१२।।

भावार्थः- युग के आदि से ही श्रीनाथजी योगीवाट नामक स्थान है यहा बारह पन्थ योगियो का शासन है और साक्षात् ज्वाला मुखी शक्ति विराजमान है वहां गोरक्षडिब्बी स्थान में ज्योति के दर्शन होते है।।११-१२।।

शुभस्थाने सारंगकोट्टे सारंगदैत्यं च मर्त्य।
तस्यास्थिमांसैर्दुर्गमेकं नर्मापांचकार।।१३।।
अटकदर्या नामका सिद्धपीठोऽभूत्।
पुरा तत्रैव गोरक्षनाथो पीठाधिश्वरो बभूव।।१४।।

भावार्थः- शुभ स्थान सारंगकोट मे सारंग दैत्य को मारक उसके अस्थि और मांस से इस दुर्ग का निर्माण किया था और वहां अटकदर्या नाम का पीठ प्रसिद्ध है वहां प्राचीन काल में श्री गोरक्षनाथजी पीठाधीश हुये थे।।१३-१४।।

मनः करण पीठे नवनाथानां सिद्धासनम्
नवनाथैक डिब्बी का।
कौव चतुरसीति सिद्धनामप्यासनम।
यत्तपप्रभावेण सततं जलं प्रादुर्भवेत।।१५।।

भावार्थः- मनः करण धाम (पीठ) में नवनाथों की डिब्बी का (गद्दी अर्थात् सिद्धासन) है, वहां चौरासी सिद्धों की भी डिब्बी का है. जिनके तपो प्रभाव से वहां सदा जल (बहता) निकला है।।१५।।

अस्ति देवलगढ़ नामकं पुरीं चिचेणिके तीर्थं प्रसिद्धम्।
ततः बद्रीकेदारशिखरयोः भवतः शुभदर्शनम्।।१६।।

भावार्थः- देवलगढ़ नाम की पूरी तथा चिन्चेणिक नाम के तीर्थ है। वहां से वद्रीनाथ, केदारनाथ पर्वतों के दर्शन होते हैं।।१६।।

पश्चिमेबंगदेशे विशालायानामक सिद्ध पीठम्।
तत्र गोरक्ष नाथस्य शक्ति शिष्या च विमलामतिः।।१७।।
कणेभ्यःकणकार्याति, तुषकायी तुषान्ययात।
सिद्धात्मानांवृभौवालौ जातो नाथ प्रभवेत।।१८।।

भावार्थः- वंगदेश (वांगलादेश या पश्चिम वंगाल) में सिद्ध पीठ विशालक नाम का ग्राम है वहां श्री गोरक्षनाथ जी की विमलानाथ शक्ति शिष्या है। वहां कणों से कणकायी और तुषों से तुषकायी (अर्थात भुसों से भुसकाई और कनों से कनकाई) नाम के दो (पुत्रों को) नाथ सिद्ध आत्मा को (गुरु गोरक्षनाथजी ने) उत्पन्न किया था।।१७-१८।।

पूर्वस्यां उत्कलं नामकं सिद्धकुण्डं चतुर्थकम्।
यो महापापानं पापं विनाशयेत्।
तत्र गोरक्षनाथं सिद्धनाथमुच्यते।।१९।।

भावार्थः- पूर्व दिशा में उड़ीसा नामक चौथा सिद्ध कुण्ड है; जो महापापों का उच्छेद (विनाश) करने वाला है। वहां श्री गोरक्षनाथजी को सिद्धनाथजी नाम से पुकारे जाते है।।१९।।

बंगदेशे सिद्धपीठे गोरक्षबन्सिका।
गोरक्षो मूर्तिमास्तत्र राजते बन्सिविभूषणम्।।२०।।
पूर्वस्यां सिद्धंकालिंच उत्तरस्यां कामाख्या तथा।
तत्रैव जनाः पूज्यन्ते, श्री गोरक्षनाथकम्।।२१।।

भावार्थः- बगाल देश मे गोरक्षबन्सि नाम का सिद्ध पीठ हैः यहा बन्सि (भूषण) धारण किये हुये श्री गुरु गोरक्षनाथजी साक्षात विराजमान है। उसी पूर्व दिशा में काली का स्थान एवं उत्तर में कामाख्या नाम का स्थान है। वहां श्री गुरु गोरक्षनाथजी के लोक पूजन करते है।।२०-२१।।

अस्ति गंडकी नद्यातटे हरिहर तीर्थ संगमे।
अश्वस्थाद्योः गुरुगोरक्ष विराजिता।।२२।।
काशी क्षेत्रे मन्दाकिनी पुष्करिष्यास्ति पीठम्।
तत्र द्वादश पंथीनां योगिनः सदाऽनन्दितः।।२३।।
फल्गुतीर्थस्यसन्मुखे गयानामक नगरम्।
अस्मिन्नेव पिण्डदानेन वैकुण्ठं तदागमत् जनाः।।२४।।

भावार्थः- गंगा गण्डकी नदी के संगम पर हरिहर तीर्थ है। वहां पीपल के पेड़ के नीचे गुरु गोरक्षनाथजी विराजित है। काशी क्षेत्र में मन्दाकिनी पुष्करिणी नाम का स्थान (पीठ) है वहां बारह पंथ के योगी लोक रहते हैं। यहां फल्गु तीर्थ के सन्मुख गया नाम का नगर में श्री गोरक्षनाथजी का पीठ है। वहां पिण्डदान प्रदान किया जाता है।।२२-२३-२४।।

नग्नो नग्नाख्य देशेक्त ॐ कारेश्वरीनामकम्।
श्री आदिनाथ सिद्धेशों विराजितं तत्पदम्।।२५।।

भावार्थः- नग्न (नागा) देश में नग्न ॐ कारेश्वर नाम से आदिनाथ सिद्ध उस उत्तम पद पर विराजमान है। वहां श्री गोरक्षनाथजी का आसन और चरणकमल सुशोभित है।।२५।।

इतः प्रतीच्यां सौराष्ट्रे राष्ट्रे रैवतकाचलः।
तत्र गोरक्षनाथस्य शिखा भाति सुन्दरम्।।२६।।
तद्धो वर्तते तीर्थ श्री गोरक्ष कमण्डलुम्।
तत्रैव नवनाथानां स्यातुंमुख्यस्थली।।
चतुराशीति सिद्धानां महापीठं च कथ्यते।।२७।।

भावार्थः- पश्चिम दिशा में सौराष्ट्र राष्ट्र (गुजरात में) रैवतक (गिरणार) पर्वत है। वहां श्री गोरक्षनाथजी की सुन्दर चोटी (गुफा) शोभायमान है। उसके नीचे श्री गोरक्ष कमण्डु तीर्थ है। उसी प्रकार नवनाथों की स्थिति के लिये यह मुख्य स्थान है, चौरासी सिद्धों का उप महापीठ भी यह कहा जाता है।।२६-२७।।

पश्चिमायामास्ति प्रभास क्षेत्र मुत्तमम्।
तत्र गोरक्षमणिकानामो धामोऽस्ति पावनम्।।२८।।
तत्र रुक्मणि कृष्णयोः पाणिभूतमुत्तमम्।
गोरक्षनाथेन रुक्मिणिं कंकणं बंधनम्।।२९।।
ततस्तौ प्रपूजनं कृत्वा नाथस्तत्रैव स्थितम्।
युगादि स्थान नाथस्थ सिद्धेम्यः महोत्तमम्।।३०।।

भावार्थः- इससे पश्चिम दिशा में श्रेष्ठ प्रभास क्षेत्र है। वहां गोरक्षमढ़ी का नाम का परमधाम है। वहीं रुक्मिणी और श्रीकृष्ण जी का परिणय (विवाह) हुआ था। वहां श्री गोरक्षनाथजी ने रुक्मिणी को कंकण बांधा था। तद्पश्चात दोनों ने (रुक्मिणी श्रीकृष्ण) ने श्री नाथ जी का पूजन करके श्री गोरक्षनाथजी वहीं प्रतिष्ठित हुये यह श्रीनाथजी का युगादि स्थान सिद्धों का महान पीठ है।।२८ २९-३०।।

यः मध्ये सिन्धुद्वीपमिदं राजते द्वारका पुरीम्।
नवनाथानां चतुरशीति सिद्धाग्नि धानी विराजते।।
हरति तद्दर्थनात्पापं तथा मोक्षदायकम्।।३१।।

भावार्थः- जो समुद्र के मध्ये द्वारकापुरी मुक्तिदायक द्वीप विराजमान है। वहां नवनाथ चौरासी सिद्धों की अग्नि धानी (धुना) भी विराजमान है। जिसका दर्शन पापों का विनाश करने वाला और मोक्षदायक है।।३१।।

धुर्मनाथो महासिद्धो राजते कच्छ देशगो।
तत्र पापानां हर्तु हुतमुर्ग नामकं धूनकम्।।३२।।
अस्तिकन्थडकोटाख्यो ग्रामः सर्वत्र विश्रुतः।
तस्मिन श्री कन्थडीनाथस्यासनं वर्तते शुभम्।।३३।।

भावार्थः- श्री महासिद्ध धुर्मनाथजी कच्छ देश में विराजे है, वहां उन पापों को दूर करने वाली हुतमुर्ग धूपनी (धूना) है कन्थ कोट नाम का ग्राम है, जो सर्वत्र प्रसिद्ध है, उस ग्राम में गजवेली गजकन्थड़ नाथ (श्री गणेश अवतार नवनाथों में एक नाथसिद्ध) जी का शुभ

आसन विद्यमान है।।३२-३३।।

सिन्धुनामके देशे सिद्धों समाधि पीठकम्।
वीरनाथ कच्छेली पीठं विश्वविदितम् सदा।।३४।।
सिन्धुद्वीपे द्रुमचनामप्रदेशः श्री नाथस्य गुहावरा।
तत्रयात्रां दर्शनंकृत्वा जनाः भवन्ति पवित्रम्।।३५।।

भावार्थः- सिन्धु नाम के देश मे सिद्ध पीठ है. वहा वीरनाथजी (चौरासी सिद्धों में एक) का कच्छेली नामक पीठ विश्वविदित है और समुद्र के द्वीप में द्रुमच नामक पदेश है वहा श्री (गोरक्ष) नाथजी की श्रेष्ठ गुफा है। वहां लोक यात्रा एव दर्शन कर पवित्र हो जाते है।।३४-३५।।

अतः सिन्धोर्तटे विराजते धवलोगिरिः।
हिंगुलाजती विख्याता तत्रशक्त्या विराजिताः।।३६।।

भावार्थः- इसके बाद सिन्ध के किनारे धवलगिरि विराजमान है जहां हिंगुलाजा नाम की (देवी) शक्ति विराजमान है।।३६।।

कदली धामतत्रास्ति जनानां मुक्तिदायकम्।
युगादिद्वापरादौ स्थानं तमुच्यते।।३७।।
तत्र प्राच्यादिशि ऐल्दलंग्रामको नाममुच्यते।
गोरक्ष पर्वतश्च उत्तरे पितामह गिरि स्थितः।
तत्रैव गोरक्ष नाथस्य जनैपूजितं चरणपादुकाम्।।३८।।

भावार्थः- लोगों को मुक्ति पदान करने वाला वहां कदली धाम है. उसे द्वापर युग का आदि स्थान कहते

है। वहां पूर्व दिशा में इल्वल नाम का ग्राम है तथा वहां गोरक्ष पहाड़ और उत्तर दिशा में पितामह गिरी स्थित है लोगों द्वारा श्री गोरक्षनाथजी की चरण पादुकाएं पूजित है।।३७-३८।।

अथ कर्णाटके पीठे भैरव चुंचुनागिरीः।
पश्चिमे भिद्रुंगःपर्वतो एवं गोरक्षडिब्बीका।।३९।।
बालबाटी च सिरियाण च स्वर्णमयी भैरवादयः मिथ।
तत्र रेणुकाख्या शक्त्या सह नाथ पून्य विराजते।।४०।।

भावार्थः- कर्णाटक प्रान्त में भैरव चुंचुनगिरी पश्चिम दिशा में भिद्रुग पर्वत तथा गोरक्ष डिब्बी और बालवाटी और सिरियाण तथा सुनहरि भैरव इत्यादि सिद्ध पीठ है वहां शक्ति रेणुका माता सह श्री गोरक्षनाथ पूजनीय विराजमान है।।३९-४०।।

त्र्यम्बके कोलागिरिशिखरेऽनुपान पट्टतीर्थोऽत्र।
तत्रैव गौमुख च गोरक्षदरी ध्यान विराजिते।।४१।।
तीर्थ तोरणमालाख्या च विराड़ देशोऽग्निकोणके।
तत्र गुरु गोरक्ष नाथस्य पूजितं चरणाम्बुजम्।।४२।।

भावार्थः- त्र्यम्बकेश्वर (महाराष्ट्र) में कोलागिरी पर्वत पर अनुपान शिला का तीर्थ है वहां गौमुख (गोदावरी नदी का उगमस्थान) और गोरक्षनाथ जी की गुफा है जिसमें ध्यान विराजित है तथा तोरणमाल तीर्थ और अग्निय कोन में विराड़ देश तीर्थों में श्री गोरक्षनाथजी की चरण (पादुका) कमल पूजित है।।४१-४२।।

अस्यामुत्तरेदिश्येति धवलाचलः महत्पीठम्।

तत्र शक्ति, ऋंगेरीपादयोः नाथ सिद्धो विराजते।
तस्यैवोपासकाः प्रायः निवसन्ति सुखं जनाः।।४३।।

भावार्थः- इसके उत्तर दिशा में धवलाचल नाम का महापीठ है; वहां शक्तिपाद और श्रृंगेरीपाद नाथ सिद्ध विराजमान है। उनके उपासक लोक सुख पूर्वक निवास करते है।।४३।।

तत्र धूलिकणिकैरनायासेन स्वर्णशिखरं निर्मितम्।
सैव ईषरो शिखरः चित्तौरदुर्गान्तर्गोमुखोत्तमो-
पीठः।।४४।।
अस्मिन्नेव पवित्रतमे तीर्थेगोरक्ष विराजितम्।
तत्रैव गोरक्ष नाथस्य चरण पादुकां पूज्यते।।४५।।

भावार्थः- वहां श्री गोरक्षनाथ जी ने धूल के कणों से अनायास ही सोने का पहाड़ बना दिया वह इषारा नाम का पहाड़ है। इससे चित्तौर दुर्ग के अन्तर्गत गोमुख नामक उत्तम पीठ है, वहां गोरक्षनाथजी की चरण पादुका की पूजा होती है।।४४-४५।।

अस्मिन्नेव पश्चिमेदेशे पुरानामको ग्रामः।
पुराभर्तृहरिणा तपस्तेपेऽडतिदारूणम्।।४६।।
अथ विघ्नाय नमसः पतःविपुला शिलाम्।
घृत्वा कन्निष्ठाग्रे आच्छादितं गगन सम्पूर्णम्।।४७।।

भावार्थः- इसके पश्चिम देश में पीछे पुरा नाम का ग्राम है, वहां प्राचीनकाल में भर्तृहरिनाथजी ने अति दारूण तप किया था विघ्न (इन्द्रदेव ने परीक्षा लेने) के

लिये आकाश से गिरती हुई शिलाओं को कनिष्ठा (अंगुलि) के अग्रभाग से आकाश में छाते के समान धारण किया था।।४६-४७।।

इन्द्रस्थ पीठे च मण्डुकी पाद तधून्नी स्तथा।
लब्धावासः तीर्थश्च चोली रांख्य शुभासनम्।।४८।।
गहेलारावलस्तत्र मूर्ति मान स्ववाहनेव विद्यते।
नाथस्थ राजते तत्र परा चरण पादुका।।४९।।

भावार्थः-इन्द्रप्रस्थ और मुंडुकीपाद धूपनी (धूना) तथा लब्धवारा (आंजनग्राम) तीर्थ और चोलि (आसन) नाम के शुभ आसन है। वहा साक्षात गहेल्ना रावल (चोरासी सिद्धों में से एक) अपने वाहन के साथ विद्यमान है। जो श्री गोरक्षनाथजी की परा चरण पादुका भी है।।४८-४९।।

अथः कन्जलि पादोऽस्ति तथास्ते नाथ धून्नी।
यत्र स्थापितंस्थली पटं योगिभिः राता द्वादेशः।।५०।।
नाथाधिकारेअलवर तिजारानामाख्या पुरं महत्।
एकागुहा भर्तृहरिरास्ते पूजितं निर्जने बनं।।५१।।
इतः पुनस्तत्र देशे शेषावटीतिनामतः।
तत्र श्री गोरक्ष नाथस्य विराजते चरणपादुकाम्।।५२।।

भावार्थः- अब कन्जलीपाद तथा नाथ धूपनी (धूना) है। यहां वारह (यात्री) नाथ योगियों के द्वारा स्थापित स्थलपटी है। श्री नाथ जी के अधिकार में अलवर तिजारा नाम का नगर है। वहां निर्जन वन में

श्री भर्तृहरि नाथजी की गुफा पूजित है। यहां शेषावटी नाम से स्थान है। वहां श्री गुरु गोरक्षनाथजी के चरण कमल है।।५०-५१-५२।।

अस्तिमरुदेशस्य मारवाडान्तर्गते जालन्धरे पुण्यतीर्थो।
कलशाचलनामाद्रिस्तत्र सन्तिष्ठते महान।
श्री मज्जालन्धरी नाथः साक्षात्तत्र विराजते।।५३।।

भावार्थः- अतः मरुदेश के मारवाड़ अन्तर्गत जालंधर नामक तीर्थ स्थान है जहां कलशाचल नामक महान् पर्वत विराजमान है। वहां साक्षात् श्री जालंधरनाथजी विराजमान है।।५३।।

कपाली चन्दकूपोच सूर्य कुण्डं तीर्थमद्वितीयकम्।
महापीठोऽयं भोगमोक्षेक मात्रं साधनम्।।५४।।

भावार्थः- कपाली और चन्द्रकूप, सूर्यकुण्ड अद्वितीय तीर्थ है। यह भोग और मोक्ष के एकमात्र प्रदाता महा पीठे है।।५४।।

कणीपादो महासिद्धः कणेरीपाद एव च।
हरीताली पादहाली नाथायः योगिनोऽपरे।।५५।।
एवं राष्ट्रोडुवशीयो मालदेवो महातपाः।
रावलोऽपि महातेजश्च मान्धाता तपीश्वरो।
लभेमनोऽभिलषितं वरं श्री नाथ पादतः।।५६।।

भावार्थः- कणीपाद (कणीफनाथ) कणेरी पाद (कानिफनाथजी) हरीतालीपाद (हरीतालीनाथजी) हालीपाद (हालीनाथ जी) आदि महासिद्धों ने एवं

महातपस्वी उडुवंशीय राजा मालदेव तथा महातेजस्वी रावलजी और तपीश्वर राजा मान्धाता इन्होंने श्री (गोरक्ष नाथ, जालन्धर नाथ) नाथजी के चरणों के अनुग्रह से मनोवांछित वर पाया था।।५५-५६।।

ईदृशः तीर्थराज्ञां महिमा केन वर्णितम्।
एतान्सिट्टपीठान् सततं नमामः वयम्।।५७।।

भावार्थः- इस प्रकार इन तीर्थराजयों की महिमा का वर्णन कौन कर सकता है इन पीठ श्रेष्ठ को बारम्बार नमस्कार है।।५७।।

यदि निर्जने स्थले, बने मध्येऽथवा कस्मिन बिल्वादि वने।
दुर्गमे घुणाक्षारण्ये मध्येऽथवागोरक्षमूत्थति।।५८।।
शुक्ल पक्षे, गुरुपुष्यौ अमृत सर्वार्थ सिद्धयोगे।
ग्रहण काले च योगिनी तत्र सिद्धिरनुत्तमम्।।५९।।

भावार्थः- हे योगिनी यदि किसी निर्जन स्थान में वन के बीच या किसी बिल्वादि वन में या किसी दुर्गम घने वन के बीच गुरु गोरक्षनाथजी की मूर्ति या धूनी हो तो उन सभी स्थान में बैठकर, शुक्ल पक्ष, गुरुपुष्यामृतयोग, अमृत सिद्ध योग, सर्वार्थ सिद्ध योग में या ग्रहन काल में गुरु गोरक्षनाथजी की साधना करने से अति उत्तम सिद्धि प्राप्त होती है।।५८-५९।।

अन्यानि सिद्धपीठानि + चास्मिन जगति तले।
देव दानव गन्धर्वाः किन्नराः प्रथमादि यक्षादयः।।६०।।

सर्वे नवङ्गना: किन्नरनारिणस्तथा।
क्रियन्ते पंचतत्त्वै: गुरु गोरक्ष नाथस्य पूजनं सदा।।६१।।

भावार्थ:- अन्य भी नाथ सिद्धों के पीठ संसार में है, इसमें सन्देह नहीं। वहां देव-दानव गन्धर्व, किन्नर, प्रथमादी, यक्ष आदि सभी नायिकाएं, किन्नरियाँ और देवता पंच-तत्वां आदि से परम श्री (गोरक्ष) नाथ जी का पूजन करते है।।।६०-६१।।

गुरु सन्निधौ सततं पूजा त्वरितमेव फलं दायकं।
मिलतिद्विगुणंफलं सप्तपुरीषु पुण्यतीर्थेषु।।६२।।
नाथ सिद्धानां तपोभूमौ नास्ति फलमन्यतीर्थे।
अत: गुरु सन्निधौच तीर्थेषु पुजा करेतु।।६३।।

भावार्थ:- सद्गुरुजी के सहवास में सतत पूजा (कर्म) करने पर शीघ्र ही फल दायक है। उससे दूना फल सप्तपूरियाँ तीर्थों में मिलता है। विशेषकर चारों धामों में उससे भी द्गुना फल मिलता है। (नाथ सिद्धों के) तपो भूमि के समान फलदायक पूजा (जप, तप, कर्म) अन्य किसी तीर्थ में नहीं होती अतः सर्व तीर्थों में सद्गुरु सहवास में ही पूजा कर्म करना चाहिए।।६२-६३।।

हिमपर्वतेषु गंगातटे क्रियतेपूजां प्राप्नोति अनन्तफलम्।
तथैवाप्नोति नाथपीठेषु भूमौ गर्भगृहो।।६४।।
गंगा गोदा फलदा प्रोक्ता नदी संगमे तथा।
सैव फलमाप्नोति जलधौ संगमेतटे।।६५।।

भावार्थः- हिमालय पर्वतो और गंगा किनारे पूजा (कर्म) करने से अनन्त गुणा-फल होता है। श्री नाथ सिद्धों के तीर्थ एवं शक्ति पीठो मे भी और भूमि के गर्भ (तल गृहों मे) में वैसा ही फल मिलता है। गंगा जी गोदावरी नदियों तथा नादियो के संगम पर के समान ही फल-प्रद है। उससे ही नवगुणा फल नदी, समुद्र संगम पर मिलता है।।६४-६६।।

ततश्चतुर्गुणं फलं प्रोक्तं नद्यां कुण्डे च श्रीनाथे।
एवंच्चतुर्गुण फलं प्रोक्त समुद्रान्त द्वीपे सन्निधो।।६६।।
यत्र सिद्धेश्वरो नाथो विद्यमानो मिलति द्विगुणं फलम्।।
ततश्चतुर्गुणं फलं प्रोक्तं कटीतलं जलमध्ये वदन्ति विवुधाः जनाः।।६७।।

भावार्थः- नदी कुण्ड और श्री नाथ सिद्ध कुण्ड में पूजा कर्म का चौगुना फल होता है। उससे तीगुणा फल समुद्र के द्वीपों सानिध्य में मिलता है। जहां नाथ सिद्ध योगेश्वर विद्यमान है वहां द्विगणा फल मिलता है। उससे चौगुना फल कटी तल जल के मध्य में (कमर तक डुबे हुये जल मे खड़ा होकर) बताया गया है।।६६-६७।।

श्री नाथ सिद्धेश्वरस्य जलस्थलेषु कृतांपूजां तथैवाप्नोति फलम्।
श्रीनाथस्य सिद्धपीठेषु देवालर्येषु पूजाः प्रशक्तं च वर्तते।।६८।।
सिद्ध पीठे श्री गोरक्षस्य विद्यते नहि तत् समम्।

सर्वत्रात्मरूपे विद्यते नाथः घटे स्थावरे जंगमे।।६९।।

भावार्थः- श्री नाथ सिद्ध के जल और स्थल सभी स्थानों में की गई पूजा का फल वैसा ही होता है। श्री नाथ सिद्धों देवालयों में श्री नाथ जी की पूजा प्रशस्त है। नाथ सिद्ध पीठों में श्री गुरु गोरक्षनाथ जी (प्रत्यक्ष) विद्यमान रहते है। उसके समान कुछ भी नहीं है। इस प्रकार श्री गुरु गोरक्षनाथजी आत्मरूप से सर्वत्र घट-घट में विराजमान हैं।।६८-६९।।

गुरु गोरक्षनाथस्य तन्त्रयज्ञानां च श्रेष्ठ फलदायकम्।
यत्र विघ्नानां नाशनं गोरक्ष नाथो विद्यते स्वयंम्।।७०।।

भावार्थः- श्री गुरु गोरक्षनाथजी के तन्त्र और यज्ञ (धूनी) मंडल सर्वश्रेष्ठ फलदायक है। जहां विघ्नविनाशक गुरु गोरक्षनाथजी साक्षात विराजमान है।।७०।।

गुरो समीपे कृता पूजां भवति शतगुणाधिकम्।
गुरु गोरक्षाच्छतगुणं फलं हि समुद्रीरितम्।।७१।।
अतएव योगेश्वरी नाथ सिद्धः नाथ भक्तां च।
साधकेभ्यः दुष्टजनान सदा पृथकं भवेयुः।।७२।।

भावार्थः- हे उदयनाथ पार्वती-सतगुरुजी के पास की गई पूजा और जाप का फल गुरु गोरक्षनाथजी के प्रभाव से सौ गुणा अधिक होता है। अतः हे योगेश्वरी, नाथ सिद्ध योगेश्वरों तथा श्री नाथजी के भक्तों का सहयोग लेना चाहिए। दुष्ट-स्वभाव वाले भक्त साधकों से दूर रहना चाहिए।।७१-७२।।

नित्यमेकमादिपीठे वा श्मशानेऽऽन्यपीढेष्वपि।

शक्ति रूपे हि सदा रम्य पीठेऽन्य त्रापि उदय।।७३।।

घट पिण्डे च नाथ शक्ति जाग्रतं सततं योगिनि।
देह पीठं महापीठं प्रत्यक्षं नाथ दरीदृश्यते।।७४।

भावार्थः- हे उदयनाथ पार्वती एक नित्य आदि पीठ में या श्मशान में या अन्य पीठों में भी (श्री गोरक्षनाथ) शक्ति रूप में सदैव विराजमान रहते है। हे योगिनी घट पिण्ड में श्री नाथ शक्ति निरंतर जाग्रत रहती है। देह पीठ ही महापीठ है। वहां (श्री गोरक्ष) नाथ रुप प्रत्यक्ष दिखाई देता है।।७३-७४।।

किमधिकं वक्ष्यामि पार्वती योगेश्वरि।
ध्यात्वा श्री गोरक्षं देहे मूलमंत्रं सदा जपेत्।।
एतत कर्मपीठे गुह्यमतिगुह्यतरं महत्।।७५।।

भावार्थः- हे योगेश्वरी (पार्वती) इससे अधिक क्या कहूँ। अतः अपने शरीर में श्री मद् गुरु गोरक्षनाथजी का ध्यान कर सीधे मूल मंत्र का जाप करना चाहिए। यह (पूजा) कर्मा (दी) के पीठं गोपनीय से भी अत्यधिक गोपनीय है।।७५।।

।।इति श्री गोरक्षतंन्त्रे उदयनाथ आदिनाथ
सम्वादे नवमःअध्याय समाप्त।।

।। ॐ शिव गोरक्ष योगी नमः।।

अथ दशमोऽध्यायः

।। श्री सद्गुरार्त्तत्त्वम् रहस्यम् ।।

(श्री सद्गुरुजी का तत्व रहस्य)

"श्री उदयनाथ उवाच"

आदिनाथ गुरु तत्वं वैशिष्टयं प्रवोधिताम्।
गुरुगौरवंमहत्त्वस्वादरं च भवति काठिन्यम्।।१।।
तत्रैव परंगुरुः को वा परंकोवा वद् नाथो।
विप्लवा मम सन्देह, कृपासिन्धु महागुरुम्।।२।।

भावार्थः- श्री उदयनाथ पार्वती ने कहा, हे आदिनाथजी सद्गुरु तत्त्व को विशेष रूप से बताइए। हे नाथजी गुरुता को वहन करना बड़ा कठिन है। मनुष्य में वह किसा आता है। वही परम गुरु या श्रेष्ठतम सद्गुरु कौन है। यह भी हे नाथ जी बताइये। हे महागुरु जी कृपा के सागर मेरे इस संदेह को नष्ट करो।।१-२।।

श्री आदिनाथजी उवाच"

उदयस्य वचं श्रुत्वा प्रोवाच आदिनाथः।
श्रृणु उदय परं ज्ञानं सन्तेभ्यः श्रेयस्कारकम्।।३।।
गुरु गोरक्षंग्रसंप्रोक्तं आदिनाथच स्वरूपिणम्।
ॐ कार ज्योति रूपाय सच्चिदानन्द विग्रहः।।४।।

भावार्थः- उदयनाथ (पार्वती) की वात सुनकर श्री आदिनाथजी ने कहा श्रेष्ठ सन्तों के लिये हित कारक सर्व श्रेष्ठ परंज्ञान सुनो श्री गोरक्षनाथजी ही गुरु कहे

गए है वह आदिनाथजी के ही स्वरूप है और वह ॐ कार का ही ज्योति स्वरूपी सच्चिदानन्द स्वरूप है।।३-४।।

अलख निरंजन च सनातनं परंब्रह्म।
त्वत प्रसादान्महा उदय गोरक्षंऽजरामरः।।५।।
अतः गुरुनैव मनुष्ये, किन्त्वज्ञः कल्पितम्।
दीक्षायै शिष्यानां च मनमुखै न मश्चतिआशापाशात्।।६।।

भावार्थ :- हे उदयनाथ (पार्वती) उन्हीं के प्रसाद से श्री गोरक्षनाथ अजरा अमर है। वह अलख निरंजन सनातन परब्रह्म है। अतः मनुष्य 'गुरु' नहीं है। किन्तु उनकी विवेकहीन कल्पना है। शिष्यों को दीक्षा में मनमुखिता तथा वह आशापाश से नहीं छूटता।।५-६।।

तस्मात योगेश्वरी क्व मनुष्येषु गुरुः।
मनुष्येषु गुरुगौरवं नाथ, कल्पित मात्रमेव च।।७।।
मन्त्र दाता शिश पद मे यद् ध्यानं कुरुते गुरोः।
तद् ध्यानं शिष्य शिरसि चोपदिष्टं न चान्यथा।।८।।

भावार्थ :- इसलिये हे योगेश्वरी. मनुष्यों में गुरुता कहा है ? मनुष्यों मे गुरुता तो कोरी कल्पना ही है भावना ही है। हे नाथ जी उसमे कोइ वास्तविकता नहीं है। जब मन्त्र देने वाले (सतगुरु) अपने शिश के ब्रह्मरंध कमल में सद्गुरु का जो ध्यान (मंत्र को याद करके) करता है। उसी ध्यान (मंत्र को) को शिष्य

अपने सहस्त्रागार कमल मे करता है। इसलिये अन्य कोई बात नहीं है।।७-८।।

गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णु गुरुर्देवो महेश्वराः।
गुरुसाक्षात् परंब्रह्म तस्मै श्री गुरवे नमः।।९।।
ध्यान मूलं गुरोमूर्ति पूजामूलं गुरोर्पदम्।
मंत्र मूलं गुरुर्वाक्यं मोक्ष मूलं गुरु कृपा।।१०।।

भावार्थः- सद्गुरुजी ब्रह्मा जी, विष्णु जी और महेश्वर के देवता स्वरूप है। सतगुरुदेव साक्षात परब्रह्म है उन सद्गुरुदेव को मेरा नमस्कार है ध्यान का मूल गुरु (परब्रह्म) है पूजा का मूल गुरु पदम (सहस्त्रगार पद्म) है। मंत्र को मूल गुरुवाक्य अर्थात् परब्रह्म स्वरूप गुरुमंत्र है तो मोक्ष मुक्ति का गुरु कृपा अर्थात परब्रह्म का ज्ञान अर्थात परब्रह्म की अनुभूति है।।९-१०।।

मंत्रं सत्यं पूजां सत्यं सत्यं च देवनिरंजनम्।
गुरोर्वाक्यं सदा सत्यं सत्यमेकंपरंपदम्।।११।।
अखण्ड मण्डलाकारं व्याप्तं येन चराचरम्।
तत्पदं दर्शितं येन तस्मै श्री गुरवे नमः।।१२।।
प्रसिद्ध मिति यद् उदय तत-पदं दर्शको नरः।
अतः नरे योगिनि गुरुता कल्पनैव ही।।१३।।

भावार्थः- उस परब्रह्म स्वरूप मंत्र (का जाप) सत्य है उस परब्रह्म की पूजा भी सत्य है अतः वह परब्रह्म परमईश्वर जो अलख निरंजन स्वरूप है वही सत्य है। इसी कारण वही गुरु वाक्य अर्थात् गुरु मन्त्र जो परब्रह्म

स्वरूप है वह सदा सर्वदा सत्य है और वही सत्य मात्र एक सत्य परमपद है।

अखण्ड मण्डलाकार चराचर जगत जिसके द्वारा व्याप्त है, उस सच्चिदानन्द ब्रह्म के पद को जो दिखाता है। अर्थात उस परब्रह्म परमात्मा का दर्शन करवाता है। उस श्री सतगुरु को नमस्कार है। यह जो गुरु वन्दना प्रसिद्ध है उसे स्पष्ट है कि सच्चिदानन्द ब्रह्मपद परमात्मा को दिखाने वाला मनुष्य गुरु है। अतः हे योगिनी मनुष्यों में गुरुता की कल्पना ही की जाती है।।११-१२-१३।।

न तु गुरुः स्वयं शिष्य भ्रमितं चोभयोरपि।
गुरोरयमिति ज्ञानं शिष्योऽयं खलु में सदा।।१४।।
मार्ग दर्शकं मनुष्याणां न स्वयं सत गुरुः।
गुरो कल्पित मात्रेणैव मोक्षमाप्नोति न कदाचन्।।१५।।

भावार्थः- न तो गुरु और न स्वयं वो शिष्य दोनो ही भ्रमित ही है कि हमेशा ये यही निश्चय पूर्वक समझे कि यह मनुष्य गुरु और स्वयं शिष्य है, वास्तविकता सत्य तो यही है कि मनुष्य मे गुरुता की मात्र कल्पना रखने से मोक्ष मुक्ति नहीं मिलती।।१४-१५।।

यथा सुपात्रमेव शिष्यं दीयते गुरोर्दीक्षाम्।
गुरोर्मत्रोणसर्व ब्रह्मं समर्पितम्।।१६।।
यदि निन्द्य लुलुभे शिष्य त्यजेत गुरोर्सदा।
अतो हि मनुजं लालच दुष्टं शिष्यमपि।।

असम्मतस्तु लोकैर्यस्तत्र रुष्टः श्री गोरक्षः।।१७।।

भावार्थः- हे उदयनाथ पार्वती जैसे शिष्य सुपात्र हो वैसे उसे गुरु दिक्षा दी जाती है। वैसे ही गुरु मन्त्र द्वारा सब कुछ ब्रह्म को समर्पित किया जाता है।यदि उस शिष्य निन्दनीय हो तो उसे उन गुरु जी ने त्यागना चाहिए। उसी प्रकार लालची दुष्ट मनुष्य शिष्य को पाकर उसे भी छोड देना चाहिए क्योकि संसार में जो निन्दनीय है। उसे मन्त्र (दिक्षा) देने से गुरु गोरक्षनाथ जी रुष्ट होते हैं।।१६-१७।।

सत्यर्थे ज्ञानार्थे च क्रियते श्रेष्ठगुरुसेवनम्।
ज्ञानान्मोक्षमवाप्नुयात् तस्मात् ज्ञानं जगदाधरम्।।१८।।
ज्ञानं योददाति गुरुस्वरूपे तमान्नयम्।
यथाधमर्ष धनाकांक्षी त्यजेत् तथैव ज्ञानिनाज्ञानं त्यजैत्।।१९।।

भावार्थः- सर्वश्रेष्ठ, सत्य, परम ज्ञान के प्राप्ति के लिये ही गुरु की सेवा की जाती है। ज्ञान से मोक्ष मुक्ति मिलती है। अतः ज्ञान ही जगत आधार है। अतः जो ज्ञान देता है. उसी का आश्रय गुरुरूप में लिया जाता है। हे उदयनाथ पार्वती धन का इच्छुक जैसे निर्धन को छोड़ देता है। वैसे ही ज्ञानेच्छु ज्ञानहीन को त्याग कर देता है।।१८-१९।।

यस्मिन मनुष्ये तेजो ज्ञानं सैव श्रेष्ठो गुरुः।
त्यजेद अज्ञानिनं धारयेत् सत्गुरुं सदा।।२०।।

सत्ये ज्ञाने श्रेष्ठो धर्मः ज्ञानेना प्नोत्यर्थम्।
ज्ञानाद् काममवाप्नोति ज्ञानान्मोक्षो हि मुक्तिम्।।२१।।

भावार्थः- जिस मनुष्य में ज्ञान का तेज होता है वही गुरु है गोरक्ष स्वरूप ही है। अज्ञानी को त्यागकर ज्ञानी सतगुरु को धारण करना चाहिए। सत्य ज्ञान में श्रेष्ट धर्म होता है; ज्ञान द्वारा अर्थ मिलता है, ज्ञान से काम की प्राप्ति होती है और ज्ञान से ही मोक्ष मुक्ति मिलती है।।२०-२१।।

ज्ञानं च परम मुक्तिः, ज्ञानं हि परं ब्रह्मः।
ज्ञानाय भजतै देवं ज्ञानैव साधनाफलम्।।२२।।
यथा नदी गच्छति सागरं, सागरे भवत्यैक्त्वम्।
तथैव ज्ञानेच्छुकं शिष्यः प्राप्यते गुरोर्तत्त्वम्।।२३।।

भावार्थः- ज्ञान ही परम मुक्ति है ज्ञान ही परं ब्रह्म है। ज्ञान के लिए ही देवता की उपासना की जाती है। ज्ञान ही साधना का फल है जैसे नदी सागर में जाकर मिलती, वहां (सागर) स्वरुप में एकीभाव में हो जाती है वैसे ही ज्ञान के इच्छुक शिष्य सद्गुरु तत्व (रहस्य) को प्राप्त हो जाते हैं।।२२-२३।।

बहवः शिष्यंधनमिच्छन्ति किन्तु गुरु तापहारकः।
दुर्लभो सद्-गुरु। शिष्य-सन्ताप-हारकः।।२४।।
अज्ञान-तिमिरान्धस्य ज्ञानान्जन-शलाकया।
चक्षुरुन्मीलितं येन तस्मै श्री गुरवे नमः।।२५।।

भावार्थः- शिष्य का धन लेने वाले गुरु बहुत है किन्तु हे उदयनाथ पार्वती शिष्यों के दुःख को दूर करने वाले सद्गुरु दुर्लभ है। ज्ञान रुपी अन्जन को सलाई से अज्ञान रूपी अन्धेपन को दूर कर जो आँखे खोल देते है अर्थात् ज्ञान प्रदान करते है उन श्री गुरु देव को नमस्कार है।।२४-२५।।

एनां मत्वा शिष्यं हृदये गुर्वार्कत्वयेत्।
ज्ञानीनां विदुषां च शिष्य गुरुत्व भावनाः।।२६।।
दया क्षमाः शान्ति शुद्धान्तःकरणसदा।
ज्ञानेनस्वात्मनार्चनेन सः सदा सद्गुरुमुच्यते।।२७।।

भावार्थः- इन बातों को समझकर ही शिष्य को सदा गुरुता की कल्पना करनी चाहिए। हे (उदय) नाथ विद्वान और ज्ञानियों मे ही गुरु शिष्य की गुरुत्व की भावना होती है। दयावान-क्षमाशील एव शान्ति प्रधान शुद्ध अन्तकरण और आत्मज्ञान से अर्चन करने वाला जो आत्मज्ञान (आत्मसाक्षात्कारी) है। वही सद्गुरु कहा गया है।।२६-२७।।

यस्यानन्तंभक्ताः स गुरु सिद्ध साधकाः।
ऋद्धि-सिद्धि देव शक्त्या गुरुः प्रकीर्तिता उदय।।२८।।
विमलं सत्यं च मनोहरम् वक्ता सन्त सद्गुरो।
तन्त्र मन्त्र समायुक्तं स सदा सद्गुरुलक्षणम्।।२९।।

भावार्थः- हे उदयनाथ पार्वती अनन्त भक्त या शिष्य मिलने से पर वह सिद्ध गुरु है ऐसी ख्याति है, ऋद्धि

सिद्धियाँ देवी शक्ति से पूर्ण सद्गुरु कहलाते है, शुद्ध सत्य तथा मनोहर ही श्रेष्ट सद्गुरु तत्र मंत्र सह ज्ञान युक्त (वक्ता) कथन करते है वही सद्गुरु है।।२८-२९।।

स सदा शिष्यान्वोधित्वा तरणं तारणं सदा।
निग्रहानुग्रह शक्त भक्तानाममयाय च।।३०।।
आत्मज्ञानं सदादृष्टि परमात्मानि बसति च।
निष्काम कारणोधर्मः सैव सद्गुरु स्मृतम्।।३१।।

भावार्थः- वह सदा सर्वदा शिष्यों को ज्ञानवोध करके उनका उद्धार करते है तथा अनुशासन करने में और भक्तों को अभयदान देने में समर्थ होते हैं। जिनकी दृष्टि सदा सर्वदा आत्मज्ञान परमात्मा पर रहती है। और (अपने) सद्गुरुजी की निरवार्थ सेवा करते है। वे ही सद्गुरु माने जाते है।।३०-३१।।

निर्मलो निश्चल निष्कामो, शिष्यो भक्ति-युत यदि।
त यो स्वार्थ भावमिच्छति ददाति नाभयं सदा स निन्दितम्।।३२।।

यो शिष्य ज्ञानं शक्ति विनाशयति, शिष्याहिताय च।
शिष्यमपेक्षां करोति यः सः गुरुनैव भ्रष्टं गुरुमुच्यते।।३३।।

भावार्थः- शुद्ध निर्मल, निश्चल और निस्वार्थ से यदि कोई शिष्य भक्ति युक्त है। तो उसे तो स्वार्थ भाव की कामना करता है और उसे अभयदान नहीं देता तो वह

निन्दित होता है। जो शिष्य का ज्ञान शक्ति तथा धन आदि का नाश करता है और शिष्य के हितैषी भक्तों की उपेक्षा करता है। वह गुरु नहीं भ्रष्ट गुरु है।

यो गुरुर्शिष्यमात्मसात करोति किन्तु न साधनं बोधयति।
स गुरु घोरंयाति शिष्योऽपि पतनं गच्छति।।३४।।
निर्मलोऽभावेयोगुरु शिष्यं न ददाति गोरक्षमंत्र।
कदापि नायाति नरकात्यावत्चन्द्रदिवाकरौ।।३५।।

भावार्थः- जो गुरुदेव शिष्य की आत्म-साक्षात्कार का (मार्ग) वताकर सिद्ध साधना नहीं देता। वह घोर नरक में जाता है और शिष्य का भी पतन हो जाता है। यह सर्वदा निश्चित है। शुद्ध भाव में रहते हुये जो गुरुदेव गुरु गोरक्षनाथ जी का (नाथपरम्परा का मन्त्र) उनकी साधना नहीं वताता वह नरक से कभी छुटकार नहीं पाता (यहां शिष्य भी आत्म साक्षात्कार के लिये लायक है या नहीं देखा जाता है।)।।३४-३५।।

हे! उदय नाथ! शिष्यान्मक्ताश्च एतेभ्यः गुरुभ्यः सदा सर्वथा त्यजेत्।

यादृशि दीक्षाश्चानुवन्धचतुष्टयंयोऽधर्ममुच्यते।।३६।।
तदा तच्छिष्य सद्गुरुशरणं गच्छेताप्नोति शिक्षामुत्तमम्।
तादृशि दीक्षामाप्नोति चेत् शिष्य चतुर्वर्ग विनाशयेत।।३७।।

भावार्थः- अतः हे उदयनाथ पार्वती-शिष्यों ने इस प्रकार के गुरुओं का सर्वता त्याग करना चाहिए।

क्योंकि ऐसी दिक्षा अधम कही गयी है। जो चारों वर्ग (अर्थ, धर्म, काम, मोक्ष) को नाश करती है। यदि संयोग वश से इस प्रकार की दिक्षा उस शिष्य को पा जाये तो उसे किसी दिव्य गुरु से प्रार्थना करके पुनः दिक्षा लेनी चाहिए।।३६ ३७।।

तदा प्राप्योत्तमां दीक्षां गुरुगोरक्षसंम फलदायकम्।
अन्यथा गोरक्ष विमुखात्भूत्त्वा न गच्छन्ति सद्गतिम्।।३८।।

पूर्वोक्त-दोष युक्तच गुरु वा शिष्य एव वा।
तयोरपि न कर्त्तव्या शिष्य गुरु भावना।।३९।।
त्यजत्त्वं तं गुरु स्वहिताय कर्म करोति यः।
दोषो न भवत्यत्र गुरुगोरक्षच्छिवाज्ञया।।४०।।
तस्मात् ब्रह्मनिष्ठो तपोनिष्ठो सद्गुरु भवेत यदि।
तदा तु दीयते शिष्योन्भक्तानदीक्षां सैव गुरु परम्परा।।४१।।

भावार्थः- तब (दिव्य गुरु से (दिव्य ज्ञान युक्त गुरु) से दीक्षा लेने पर) वह (मन्त्र) दीक्षा गुरु गोरक्षनाथजी के समान अभीष्ट फलदायी हो जाती है। अन्यथा श्री गुरु गोरक्षनाथ जी उनसे विन्मुख रहकर जिससे उनको सद्गति नहीं होती। पूर्व बताया जैसे दोष युक्त चाहे दिव्य गुरु हो या पात्र शिष्य हो उन दोनों ही के प्रति शिष्य ने गुरु भावना नहीं रखनी चाहिए। केवल उन्हें अपना हितैषी समझना चाहिए। गुरु मानना छोड़ देना

चाहिए, ऐसा करने से कोई दोष नहीं होता। भगवान शिव गुरु गोरक्षनाथ जी की ऐसी इच्छा अनुरूप ऐसा ही आदेश। इसलिये दिव्य (आत्मज्ञानी) सद्गुरु और सुपात्र शिष्य तथा भक्ति युक्त भक्तों ने (गुरु शिष्य) परम्परा की दीक्षा कर्म करना चाहिए।।३८-३९-४०-४१।।

"श्री उदयनाथ उवाच"

गुरु शिष्यभक्तेषु वैशिष्ट्यं किमुच्यते।
बूहि मम् ॐकार नाथः श्रोतुं मे मनोच्छुकम्।।४२।।

भावार्थः- श्री उदयनाथ पार्वती ने कहा है (आदि) नाथजी सद्गुरु शिष्य और भक्त में क्या विशेषता है। हे ॐ कार आदिनाथजी मुझे बताइये यह सुनने को मेरा मन उत्सुक है।।४२।।

"श्री आदिनाथ उवाच"

श्रृणु उदय नाथ ! शक्ति यत् प्रश्नं तत्त्वमुत्तमम्।
आत्मज्ञानी तपोनिष्ठ भूताना सदा हिताय च।।४३।।
अलख निरंजन, निराकारी निर्गुणं च सदा।
त्रिकालत्त्वं त्रिगुणान्वित त्रयलोके च वन्दितम्।।४४।।
मृत्युञ्जयी त्रैलोकरक्षकः भूतानंपश्यति स्वमात्मना।
दिव्यदृष्टि यती जती सदाचारः गाम्भीर्य च।।४५।।

भावार्थः- श्री आदिनाथजी ने कहा हे नाथ (सिद्धों) की शक्ति उदयनाथ तुमने जो श्रेष्ठ सार का सवाल पूछा है। उसे सुनो सद्गुरुजी दिव्य भावनाओं आत्मज्ञानी { तथा (शून्य) ध्यान में तत्पर } सभी का हित करने वाले होना चाहिए। वह सदा अलख निरंजन, निर्गुण,

निराकारभाव. त्रिकालज्ञानी त्रिकाल दर्शी त्रिगुण से परिपूर्ण और तीन लोक में पूजनीय होना चाहिए तथा वह मृत्युपर विजय पाने वाले (मननशील) और तीन लोक की सर्वदा रक्षा करने वाले चाहिए तथा धीर गम्भीर दिव्य दृष्टिवान और जती सती शिष्टता से बात करने वाले होने चाहिए।।४३-४४ ४५।।

हृदये सद्गुरुरु संस्मृत्य निर्भयः भवतिसदा।
गिरापति महासत्वो मनस्वीरूपवानतथा।।४६।।
सर्व मनोहारी मितवादी च दृढ स्थिरासनः।
जपतपौ कर्मकाण्डश्च तंत्र मंत्र विशारदः।।४७।।
समदमदण्ड सर्वाऽरिष्टं निवारकः।
सर्व-गुणान्वितो दिव्यः समयुक्तो न संशयः।।४८।।

भावार्थः- अपने हृदय मे हमेशा सद्गुरु की स्मृति रखने वाले, सदा सर्वदा सर्वत्र निर्भय रहने वाले, वाणी के पती और महाबलवान तथा मनस्वी, नित्य रूप धारी, सर्व मनोहर, अल्पभाषी तथा दृढ स्थिर रहने वाले होते है। जपी-तपस्वी कर्मकाण्ड को जानकर तथा तंत्र-मंत्रादि विशारद तथा साम दाम दण्ड समेत सर्व प्रका॰ के संकटो का निवारण करने वाले सर्व-गुण-सम्पन्न और अधिक क्या कहूँ, वह मेरे समान तेजस्वी होते है।।४६-४७-४८।।

श्रृणु पार्वते ! उदयनाथ ! सद्गुरोः प्रंशसनीय शिष्यानां सम्बन्धे।

शिष्यं निर्भयोऽभयशनं च सततं गुरु सेवनम्।।४९।।
यथापूर्वदिशिः पश्चिमां गच्छति सूर्यविम्बम्।

योसदा बिम्बाकर्षेण भवति सूर्याभिमुखम्।।९०।।
तेजप्रकारेण प्रिय शिष्यो भवति आकर्षित गुरुं प्रति।।
तदा शिष्य गुरो सानिध्ये प्रसन्नो भवति सर्वदा।।९१।।
भावार्थः- हे उदयनाथ पार्वती सद्गुरुजी के प्रशंसनीय शिष्यो के सम्बन्ध मे सुनो, शिष्य साधक भयहीन अभयदाता सद्गुरु जी की सेवा (प्रेम) परायण होता है। जैसे आकाशिय सूर्य बिम्ब (पूर्व से पश्चिम दिशा में) भ्रमण करता है। वैसे ही सूर्य फूल भी वैसे ही (पूर्व से पश्चिम) भ्रमण करता है। जो सदा सर्वदा सूर्य बिम्ब से आकर्षित होकर (सूर्यफूल) अपना मुख करता है। उसी प्रकार प्रिय शिष्य भी उसके सद्गुरु के प्रति आकर्षित होकर गुरुजी के सानिध्य में हमेशा रहता है।।८९-९० ९१।।

इन्द्रियदमः प्रज्ञावन्तः तत्वसाधना सदारतः।
दृढ़ासना महासत्वो सत्वं साहसिकोऽपि च।।९२।।
महामनः सदा नाथो सन्त पालन च तत्परः।
दया क्षमा शान्ति च नाथ ! योगिने सदा प्रियः।।९३।।
वैराग्य पूर्णः नाथ ! शिष्य कर्णे कुण्डलं धारयति।
कर्म योगी ध्यानं योगी ज्ञानविवेको विनम्रोभवतिसदा।।९४।।
येन प्रकारेण सर्वान् भवति प्रिय शिष्यो।
किमहं बहुकथयामि सर्वगुणो रुद्रयुतो भवति सदा शिष्यः।।९५।।

भावार्थः- हे (उदय) नाथ वह इन्द्रियों का दमन करने वाला (ब्रह्मचारी) बुद्धिवन्त और पश्चर्तात्विक साधना में हमेशा रहने वाला, दृढ़ आसन वाला, महाबलवान, सात्विक वृत्तीवाला साहसी भी मनस्वी सदासर्वदा सन्त सज्जनों का पालने करने वाला होता है। दया क्षमा-शान्ति युक्त और नाथ सिद्ध योगेश्वरों का प्रिय होता है। त्याग वैराग्य (आचरण) पूर्ण कर्ण में कुण्डल धारण (दर्शनी) करने वाला होता है। कर्म योगी, ध्यान कर्म योगी तथा ज्ञान विवेकशील सदा नमता दिखाने वाला होता है। इस प्रकार सबका प्रिय यह दिव्य शिष्य होता है और क्या कहूँ इस प्रकार बहुत से गुणों से सम्पन्न शिष्य रुद्रनाथ के समान सर्व समर्थ होता है।।५२ ५३-५४-५५।।

श्रृणु उदयनाथ पार्वते, देवी-देवताभ्यः बहिस्कृतमभक्तान्।

अधमाः महापापाः धर्मतत्वं विनिन्दकान्।।५६।।
कामुकः क्रोधी कपटं, ज्ञेया दुष्टाः नराधमाः।
भ्रष्टाः अधर्मिः लोभी च अज्ञः विद्वेषकृत।।
मुच्यत्याशापाश च स्वार्थी तदपि न मुश्चति।
व्यभिचारिणः प्रमदानीं पशुतुल्यमाचरतियो।।५७।।
पशवः स्वभावो भक्ताभक्तानां सदा विचारणीयम्।
तान् सर्वान् पारमार्थिकेम्यः कार्येभ्यः सदा विवर्जितव्यम्।।५९।।

भावार्थः- हे उदयनाथ पार्वती देवी देवताओं द्वारा बहिष्कृत अभक्तों के सम्बंध में सुनो, धर्म तत्व की

